दिनांक 27 दिसंबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने निर्माणाधीन पानी टंकी का किया निरीक्षण, कार्य में प्रगति लाकर जल्द प्रारंभ करने के दिए निर्देश

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर देवेंद्र यादव ने बापू नगर क्षेत्र के गौतम नगर में निर्माण हो रहे उच्च स्तरीय जलागार का आज निरीक्षण किया! श्री यादव ने टंकी के निर्माण कार्य की जानकारी ली एवं कार्य की गुणवत्ता तथा नक्शे के अनुरूप हो रहे कार्य की जानकारी प्राप्त की! जल कार्य विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण करते हुए जल्द से जल्द पानी टंकी को शुरू करें , पानी की समस्या को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही न हो! बता दें कि निगम क्षेत्र में लगातार नल कनेक्शन देने का कार्य किया जा रहा है साथ ही वाटर मीटर लगाने का कार्य भी प्रगति पर है! अवैध नल कनेक्शन को वैध कनेक्शन मे परिवर्तित कर नियमितीकरण करने का कार्य भी जोन क्षेत्रों में जारी है! अमृत मिशन योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कुछ दिन पूर्व ही आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने ली थी जिसमें जल कार्य के अधिकारी/कर्मचारी एवं जोन के जोन आयुक्त की उपस्थिति में टैंकर मुक्त शहर बनाने की दिशा में कार्य करने कहा गया था! अमृत मिशन शासन की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए महापौर एवं आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं साथ ही पानी टैंकरों का भी उपयोग नहीं होना चाहिए इस दिशा में कार्य करने कहा गया है!

जल ही जीवन है!

जनसम्पर्क अधिकारी